1. आदेश देने के लिए लागत बीमा भाड़ा के आधार पर प्रारम्भिक चार माह की अवधि के लिए तथा पोतलदान को पूरा करने के लिए 12 महीने की अवधि के लिए आयात लाइसेंस जारी किए जायेंगे । आयात लाइसेंस की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर आयात को चाहिए कि वे उनके विवरणों से अर्थकार्य विभाग को अवगत करावे और आदेश देने के लिए लाइसेंस की वैध अवधि के भीतर आयात संविदा भेजें । इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि संविदा के पूरे विवरण ठीक समय पर अर्थ कार्य विभाग के पास नहीं पहुंच जाते ।

2. येन मुद्रा में निश्चित कीमत के आधार पर आदेश जापानी संविदकों को आयात लाइसेंस जारी होने के चार माह के भीतर अवश्यदे दिए जाने चाहिए यदि आवश्यक हुआ तो लाइसेंस को आदेश देने के लिए पुनर्वैध कराने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात/संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को यह कारण बताते हुए प्रस्तुत किया जा सकता है कि आदेश चार माह के भीतर क्यों नहीं दिए जा सके । आवेदन पर विचार अर्थकार्य विभाग के परामर्श से पात्रता के आधार पर किया जाएगा और, यदि यह स्वीकृत हो जाता है, तो लाइसेंस आदेश देने के लिए और अधिक अवधि के लिए पुनर्वैध हो जायगा और यह तीन माह से अधिक अवधि के लिए नहीं होगा ।

3. संविदा लागत और भाड़ा के आधार पर होनी चाहिए और यदि, भारतीय अभिकर्त्ता का कोई कमीशन हो तो उसे छोड़कर जहाज पर्यन्त निःशुल्क तथा भाड़ा राशि को अलग प्रदर्शित करते हुए येन मुद्रा में माल के मूल्य को साफ साफ संकेत करना चाहिए ।

संविदा को ग्याहरवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत अर्थ युक्त किए जाने के लिए भारत सरकार तथा जापान सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना है ।

4. नीचे उल्लिखित विभिन्न श्रेणियों में आने वाली प्रत्येक संविदा का मूल्य प्रत्येक श्रेणी के सामने संकेतित धनराशि से कम नहीं होना चाहिए :—

श्रेणी	धनराशि (येन मिलियन में)
(1) पूंजीगत माल ।	30
(2) रोल्स, इस्पात जिनमें विशेष इस्पात तथा मिश्रधातु इस्पात रसायन शामिल हैं	10
(3) भारत-जापान संयुक्त उद्योग ।	2
(4) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, लि०	2

5. आयात लाइसेंस के पूरे मूल्य के लिए केवल एक ही संविदा की जानी चाहिए । किसी विशेष मामले में, दो संविदाओं की अनुमति दी जा सकती है । जिसके लिए लाइसेंस जारी होने के एक माह के भीतर अर्थकार्य विभाग से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है ।

6. संविदा की व्यवस्था नकद भुगतान के आधार पर अर्थात पोतलदान प्रलेखों के प्रस्तुतीकरण पर होनी चाहिए । गैर-परियोजना ऋण के अन्तर्गत की संविदाओं को भी नीचे के अनुसार माल की छुड़ाई की अवधि के लिए व्यवस्था प्रदान की जानी चाहिए :—

> "प्राधिकरण-पत्र की प्राप्ति के————माह के भीतर, किन्तु अधिक से अधिक जून, 1974 के अन्त तक पूरा किया जाना है ।"

गैर-परियोजना तथा परियोजना आयातों से सम्बन्धित संविदाओं के लिए क्रमशः 30 जून, 1973 और 31 दिसम्बर, 1974 के बाद किसी प्रकार के भुगतान की अनुमति नहीं दी जा सकती ।

7. भारतीय आयातकों और जापानी संभरकों के बीच की संविदा की तीन प्रतियों जो दोनों पार्टियों द्वारा हस्ताक्षरित हैं, वैधआयातलाइसेंस की एक प्रति के साथ वित्तमंत्रालय, अर्थकार्य विभाग (डब्ल्यू ई 1—अनुभाग) नार्थ ब्लाक, केन्द्रीय सचिवालय, नई दिल्ली को अग्रसारित की जानी चाहिए । इसके अतिरिक्त, तीन प्रतियों में एक विवरण के साथ जिस में निम्नलिखित सूचना शामिल हों, ग्यारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत संविदा को अर्थयुक्त किए जाने के लिए आवेदन करना चाहिए :—

(1) भारतीय आयातक का नाम डाक तथा तार के पते ।

(2) जापानी संभरकों का नाम तथा पता ।

(3) जापान में संभरक बैंक तथा भारत में आयातक बैंक का नाम और पता । आयातक बैंक के तार के पते को भी संकेतित किया जाना चाहिए ।

(4) जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य तथा भाड़ा प्रभारों को अलग से संकेतित करते हुए विनिमय की मिली जुली दर पर परिवर्तित जापानी येन तथा भारतीय रुपये में संविदा का मूल्य ।

(5) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण ।

(6) इस संविदा के अन्तर्गत संभरकों को किये जाने वाले भुगतानों की संभावित तारीख तथा धन राशि को संकेतित करते हुए एक अनुसूची ।

(7) आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख ।

(8) यदि परियोजना भारत-जापानी उद्यम की है, तो उसका संकेत कीजिए । यदि ऐसा है तो सहयोग करार के निम्नलिखित विवरण चाहे वे आर्थिक हों या तकनीकी, यदि सहयोग करार अभी भी वैध है, तो उसको स्पष्टरूप में संकेतित करते हुए उसे एक नोट में दिया जाना चाहिए ।

1. जापानी सहयोग का नाम तथा पता ।
2. सहयोग करार का दिनांक ।
3. तैयार की जाने वाली मदें ।
4. सहयोग किस प्रकार का है ।
5. सहयोग कब तक वैध है ।
6. अन्य कोई सूचना ।

(9) ग्यारहवें येन क्रेडिट (परियोजना अंश) के अन्तर्गत विकास परियोजना के लिए अर्थयुक्त किए जाने के लिए अनुबन्ध-2 के अनुसार अतिरिक्त सूचना (तीन प्रतियों में) संविदा को अर्थयुक्त किए जाने से पूर्व परियोजना का अनुमोदन संबंधित जापानी प्राधिकारियों से प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करना है ।

8. ग्यारहवें येन क्रेडिट (परियोजना अंश) के अन्तर्गत अर्थयुक्त की गयी परियोजना के लिए परियोजना प्राधिकारियों को वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, डब्ल्यु ई–1 अनुभाग को प्रत्येक वर्ष के जनवरी और जुलाई के प्रथम सप्ताह में पहले छः माह की अवधि के लिए एक प्रगति पत्र (तीन प्रतियों में) भेजना है ।

9. **अनुबन्ध–1 में उल्लिखित विशेष धारा को संविदा में शामिल किया जाना चाहिए ।**

10. संविदा के अन्तर्गत संभरकों को सभी प्रकार के भुगतान जिसमें बीजक मूल्य के 1/20 की दर से चढ़ाने उतारने का खर्च भी शामिल है, जहां आवश्यक हो, टोकियो स्थित भारत के राजदूतावास के माध्यम से सरकार द्वारा किए जाएंगे । **इस आयात लाइसेंस के लिए भारत से किस प्रकार का प्रेषण स्वीकार्य नहीं होगा ।**

11. टोकियो स्थित भारत के राजदूतावास द्वारा येन राशि में चुकता किए गए सभी समतुल्य रुपये का भुगतान परियोजना प्राधिकारियों को या उसके बैंकर को नीचे संकेतित परिवर्तन की दरों पर करना पड़ेगा :—

सार्वजनिक सूचना संख्या 15—आईटीसी (पी० एन०)/72, दिनांक 28-1-72 में यथा निर्धारित फार्मूले के अनुसार परिवर्तन की दर या समय समय पर सार्वजनिक सूचनाओं/ए० डी० परिपत्रों में अधिसूचित दर पर संभरक को (या उसके बैंकर को) येन में सभी प्रकार के किए गए भुगतान के समतुल्य रुपये ।

12. सार्वजनिक क्षेत्र उद्योगों के मामले में, उपर्युक्त शर्त 9 में उल्लिखित रुपये को तथा उस पर संभरकों को किए गए भुगतान की तारीख तथा संगत रुपये भुगतान की तारीख के बीच की अवधि के लिए 6 रुपये प्रति सैंकड़े प्रतिवर्ष की दर से ब्याज के साथ वित्त मंत्रालय के पत्र संख्या एफ० 32(1)ई०सी०ए० (ए)/66 (पी०), दिनांक 20/24-10-66 की शर्तों के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों द्वारा नामित भारत के स्टेट बैंक की किसी भी सम्बद्ध शाखा द्वारा नियंत्रक, सहायता लेखा, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को अवगत कराते हुए सार्वजनिक सूचनाएं : 184—आई० टी० सी० (पी० एन०)/68, दिनांक 30-8-68 तथा 233—आई० टी० सी० (पी० एन०)/68, दिनांक दिनांक 24-10-68 में यथा अपेक्षित सरकार के लेखा क्रेडिट के लिए भारत के रिजर्व बैंक, नई दिल्ली में या भारत के स्टेट बैंक, तीस हजारी, दिल्ली में जमा कराना चाहिए या भारत के स्टेट बैंक तीस हजारी दिल्ली-6 के एजेंट के नाम में निकालने के लिए डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रेषण किया जाना चाहिए। क्रेडिट किए जाने वाले लेखा का शीर्ष है—"टी-डिपाजिट्स एण्ड एडवान्सेज—पार्ट-3 डिपाजिट्स नोट बियरिंग इन्टरेस्ट-सिविल डिपाजिटस् फायर परचेजेज एण्ड अन्डर डायरेक्ट पेमेंट प्रासीजर अन्डर फारेन लोन्स/क्रेडिटेस" विस्तृत शीर्ष के अन्तर्गत—"डिपाजिट्स फार कास्ट आफ एक्वीपमेंट ई०टी० सी० आवटेन्ड अन्डर दि एलेवेन्थ येन क्रेडिट आम जापान।" चालान में विभिन्न कालमों को भरते समय , आयातकों/उनके बैंकरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सार्वजनिक सूचना संख्या : 132—आई० टी० सी० (पी० एन०)/71, दिनांक 5-10-1971 की कंडिका 2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम में "प्रेषण तथा प्राधिकारी (यदि कोई हो) का पूर्ण विवरण" निरपवाद रूप से संकेतित है। इसके बाद, निक्षेप को साक्ष्यांकित करते हुए राजकोष चालान को एक्सिम बैंक की अनुमोदन संख्या का संदर्भ देकर नियंत्रक, सहायता लेखा, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, नई दिल्ली को भेजना चाहिए। भारतीय सम्बद्ध बैंक भी भारत सरकार द्वारा संकेतित छोटे मोटे निक्षेपों के लिए इसी विधि से निक्षेप करने की व्यवस्था करेंगे। भारत के स्टेट बैंक की सम्बद्ध शाखा भारत के लेखा में उपर्युक्त संकेतित अनुसार निक्षेपों की व्यवस्था करने के बाद ही प्रलेखों के परक्राम्य सेट जारी करेगी। उन्हें लाइसेंस की मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रति में निक्षेप की गई धन राशि को भी संकेतित करना चाहिए तथा आवश्यक 'एस' प्रपत्र को भारत के रिजर्व बैंक, बम्बई को भेजना चाहिए।

नोट : उपर्युक्त शर्त हिन्दुस्तान स्टील लि० के लिए लागू नहीं है, जो महालेखापाल, बिहार के साथ एक आवर्ती निक्षेप लेखा रखता है जिसके लिए नीचे की कंडिका 13 में संकेत किए गए के अनुसार आवश्यक नाम खाते में वृद्धि की जायेगी।

13. केन्द्रीय राज्य सरकारों (जिसमें राज्य विद्युत बोर्ड आदि भी शामिल हैं) के विभागों द्वारा किए गए आयातों के मामले में, अर्थकार्य विभाग, आर्थिक सहायता लेखा अनुभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए परामर्शों के आधार पर महालेखापाल, केन्द्रीय राजस्व द्वारा सम्बद्ध महालेखापाल के मद्दे समतुल्य रुपये के लिए नाम खाते में वृद्धि की जाएगी ।

14. आयातक को चाहिए कि वह किए गए पोत लदान तथा उसके मद्दे संभरकों को किए गए भुगतान तथा रहे हुए शेष के सम्बन्ध में डब्ल्यू ई–1 अनुभाग के प्रयोग के लिए एक अतिरिक्त प्रति के साथ प्राधिकार पत्र की स्थापना हो जाने के बाद एक मासिक रिपोर्ट नियंत्रक, सहायता लेखा, अर्थकार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजें ।

15. संविदा के सम्बन्ध में यदि कोई महत्व पूर्ण परिवर्तन होता है, तो वही प्रक्रिया मुख्य संविदा के साथ भी अपनाई जानी है और संविदा के सम्बन्ध में किए गए संशोधनों की तीन प्रतियां दोनों पार्टियों से विधिवत् हस्ताक्षरित करा कर वित्त मंत्रालय, (अर्थकार्य विभाग) (डब्ल्यू ई–1 अनुभाग) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

अनुबंध–1

ग्यारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत वित्तपुक्त की जाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र संविदाओं में समाविष्ट की जाने वाली विशेष धाराएं

(क) भारत के लिए ग्यारहवें येन क्रेडिट से संबंधित दिनांक 1–2–1972 के ऋण करार के अनुसार प्रस्तुत निर्यात आयात संविदा की व्यवस्था की जाती है ।

(ख) प्रस्तुत निर्यात-आयात संविदा भारत सरकार और जापान करार के अनुमोदन पर ही प्रभावी होगी ।

(ग) इस संविदा के अन्तर्गत निर्यातक को येन में भुगतान जापान में स्थित भारत के राजदूतावास द्वारा बैंक आफ इंडिया लि० टोक्यो के माध्यम से इसके अन्तर्गत लिए गए अपेक्षित दस्तावेज को प्रस्तुत करने पर और इस संविदा के नियमों के अनुसार किए जाएंगे । जापान में स्थित भारत के राजदूतावास के सलाहकार (आर्थिक) अथवा प्रथम सचिव अथवा द्वितीय सचिव (आर्थिक) संलग्न प्रपत्र के रूप में एक प्राधिकार पत्र जारी करेगी ।

(घ) निर्यातक एतद्द्वारा ऐसी जानकारियों और दस्तावेजों को भेजने के लिए राजी होता है जो येन क्रेडिट व्यवस्था के अन्तर्गत भारत सरकार और भाग लेने वाले जापानी बैंकों द्वारा मंगी जाए ।

(ङ) निर्यातक एतद्द्वारा भारत के राजदूतावास टोकियों के साथ परामर्श करने पर पोत लदान के लिए व्यवस्था करने के लिए राजी होता है । इस प्रयोजन के लिए निर्यातक संबंधित माल छुड़ाई कार्यक्रम के लिए भारत के राजदूतावास, टोकियो को सूचित करेगा और आवश्यक पोतलदान के लिए भारत के राजदूतावास को कम से कम 4 सप्ताह पहले अधिसूचित करेगा ताकि उपयुक्त व्यवस्थाएं की जा सकें । विशेष मामलों में, जहां भारतीय आयातक चाहें तो इस नोटिस की अवधि को घटाया जा सकता है ।

(च) निर्यातक प्रत्येक पोतलदान के बाद आवश्यक ब्योरे देते हुए आयातक को तार परामर्श देने के लिए राजी होता है और भुगतान का दावा करते समय अन्य दस्तावेजों के साथ तार परामर्श की एक प्रति भारत के राजदूतावास, टोकियो को भेजे जाएगी । (यह धारा केवल उन मामलों में जोड़ी जाएगी जहां बीमे की व्यवस्था आयातक द्वारा की जानी है ।)

(जापानी प्रयोजक बैंक)

अपरिवर्तनीय प्राधिकार पत्र सं०

.....येन राशि के लिए जो

.....को समाप्त हो रही हैं।

हम एतद् द्वारा अनुरोध करते हैं कि इस अपरिवर्तनीय प्राधिकार पत्र के लिए आप (निर्यातक) को सूचित करें और हम (निर्यातक) के खाते के लिए निम्नलिखित अपराक्राम्य दस्तावेजों की प्रतियों के दो सेट के प्रस्तुत करने पर जापानी विदेशी मुद्रा विनिमय के अनुसरण में, टोकियों में स्थित भारत के

राजदूतावास के माध्यम से धनराशि अथवा धनराशियों जो.....येन से अधिक नहीं हैं अदा करने का पक्का वचन देते हैं :—

(1) हस्ताक्षरित बीजक.....प्राधिकार पत्र सं०.....
.....को उद्धृत करते हुए दिनांक.....
आयात लाइसेंस सं०.....दिनांक, (निर्यातक) और (आयातक) के बीच की गई संविदा की सं०.....दिनांक,.....
भारत सरकार की पंजीकरण सं०.....और जापान के निर्यात-आयात बैंक के अनुमोदन सं०.....की अधिसूचना ।

(2) "जहाज पर" पूरे कर लिए गए लदान, समुद्री लदान पत्र जो दिनांक
से बाद के नहीं है और जिन पर (आयातक) के लिए किए गए "अंतिम स्थान तक भाड़ा अदा किया गया है/भाड़ा अदा किया जाना है" चिह्नित है और जो.....
.....अधिसूचित करते हैं कि पूरे सेट और

(3) (संविदा के अन्तर्गत यदि अन्य दस्तावेज अपेक्षित हैं तो वे पूरे किए जाने हैं)
.....से.....तक (माल) के लदान को शामिल करते हुए वाहनान्तरण स्वीकृत हैं/स्वीकृत नहीं हैं । आंशिक लदान स्वीकृत हैं/स्वीकृत नहीं हैं ।

उपर्युक्त दस्तावेज और अपराक्राम्य प्रतियां (जापानी प्रयोजित बैंक) को दिनांक.....
.....से पूर्व अवश्य प्रस्तुत कर दी जानी चाहिए । आपके द्वारा सभी अपराक्राम्य दस्तावेज हवाई डाक द्वारा (आयातक के या उसके बैंकर के जैसा भी मामला हो, नाम में और पते पर) भेजे जाने चाहिएं ।

टिप्पणी:— सार्वजनिक क्षेत्र परियोजनाओं के मामले में सभी अपराक्राम्य दस्तावेज स्टेट बैंक आफ इण्डिया की नामित शाखा को भेजे जाने हैं और न कि आयातक को सीधे भेजे जाने हैं ।

अनुबन्ध—2

ग्यारहवें प्लेन क्रेडिट (परियोजना भाग) के अन्तर्गत अर्थयुक्त की जाने वाली परियोजना के सम्बन्ध में भेजी जाने वाली जानकारी।

1. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित राशि
 1. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित कुल परियोजना राशि ।
 2. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित संविदा राशि ।
2. उद्योग का ब्योरा
 1. नाम
 2. स्थान
 3. संक्षिप्त विवरण
 4. मुख्य स्वामी अथवा शेयरधारी और प्रबन्धक
 5. 3 वर्ष के लिए वित्तीय विवरण (पक्का चिट्ठा, लाभ हानि का विवरण)
 6. कर्मचारियों की संख्या ।
3. परियोजना का ब्योरा
 1. स्थान (साइट क्षेत्र आदि)
 2. आयोजित क्षमता
 3. परिवहन सुविधाएं
 4. बिजली और पानी की पूर्ति
 5. कच्चे माल की पूर्ति
 6. मजदूरी का सम्भाव्य साधन
 7. स्थापन योजना
 8. बिक्री क्षमता
 9. आरम्भिक अवधि और पूर्ण रूप से उत्पादन होने के बाद की अवधि के दौरान प्रत्याशित बिक्री कीमत और कुल मासिक बिक्री ।
 10. वित्तदान और पूंजी आवश्यकताएं
 11. उप-ऋण करार के नियम और शर्तें ।

परिशिष्ट–2

ग्यारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र में आयात के लिए लाइसेंस लिए जाने के लिए शर्तें ।

1. आदेश देने के लिए लागत बीमा भाड़ा के आधार पर प्रारंभिक चार माह की अवधि के लिए तथा पातेलवान को पूरा करने के लिए 12 महीने की अवधि के लिए अवधि आयात लाइसेंस जारी किए जाएंगे । आयात लाइसेंस की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर आयातक को चाहिए कि वे उनके विवरणों से अर्थकार्य विभाग को अवगत करावे और आदेश देने के लिए लाइसेंस की वैध "अवधि के भीतर आयात संविदा भेजे । इस शर्त का तब तक अनुपालन किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक कि संविदा के पूरे विवरण ठीक समय पर अर्थकार्य विभाग के पास नहीं पहुंच जाते ।

2. येन मुद्रा में निश्चित कीमत के आधार पर आदेश जापानी संभरकों को आयात लाइसेंस जारी होने के चार माह के भीतर अवश्य दे दिए जाने चाहिए । यदि आवश्यक हुआ तो लाइसेंस को आदेश देने के लिए पुनर्वेध कराने के लिए मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात को यह कारण बताते हुए प्रस्तुत किया जा सकता है कि आदेश चार माह के भीतर क्यों नहीं दिए जा सके । आवेदन पर विचार अर्थकार्य विभाग के परामर्श से पात्रता के आधार पर किया जाएगा और यदि वह स्वीकृत हो जाता है, लाइसेंस आदेश देने के लिए और अधिक अवधि के लिए पुनर्वेध हो जाएगा और यह तीन मैंह से अधिक अवधि के लिए नहीं होगा ।

3. संविदा लागत और भाड़ा के आधार पर होनी चाहिए और यदि, भारतीय अभिकर्ता का कोई कमीशन हो तो उसे छोड़ कर जहाज पर्यन्त निःशुल्क तथा भाड़ा राशि को अलग प्रदर्शित करते हुए येन मुद्रा में माल के मूल्य को साफ साफ संकेत करना चाहिए ।

संविदा को ग्यारहवें येन क्रेडिट के अंतर्गत अर्थ युक्त किए जाने के लिए भारत सरकार तथा जापान सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाना है ।

4. नीचे उल्लिखित विभिन्न श्रेणियों में आने वाली प्रत्येक संविदा का मूल्य प्रत्येक श्रेणी के सामने संकेतित धनराशि से कम नहीं होना चाहिए :—

श्रेणी	धनराशि (येन मिलियन में)
1. पूंजीगत माल	30
2. रोल्स, इस्पात जिसमें विशेष इस्पात तथा मिश्रधातु इस्पात, रसायन शामिल हैं ।	10
3. भारत—जापान संयुक्त उद्योग	2

5. आयात लाइसेंस के पूरे मूल्य के लिए केवल एक ही संविदा की जानी चाहिए। किसी विशेष मामले में, दो संविदाओं की अनुमति दी जा सकती है जिसके लिए लाइसेंस जारी होने के एक माह के भीतर अर्थकार्य विभाग से पूर्व अनुमोदन प्राप्त किया जा सकता है।

एक अकेले साख-पत्र की स्थापना अनुमोदित संविदा की पूरी राशि के लिए की जानी है।

6. संविदा की व्यवस्था नकद भुगतान के आधार पर अर्थात् पोत लदान प्रलेखों के प्रस्तुतीकरण पर होना चाहिए। गैर परियोजना ऋण के अन्तर्गत की संविदाओं को भी नीचे के अनुसार माल की छुड़ाई की अवधि के लिए व्यवस्था प्रदान की जानी चाहिए :—

"प्राधिकरण-पत्र की प्राप्ति के———माह के भीतर, किन्तु अधिक से अधिक जून, 1974 के अन्त तक पूरा किया जाना है।"

गैर परियोजना तथा परियोजना आयातों से सम्बन्धित संविदाओं के लिए क्रमशः 30 जून, 1973 और 31 दिसम्बर, 1974 के बाद किसी प्रकार के भुगतान की अनुमति नहीं दी जा सकती।

7. भारतीय आयातकों तथा जापानी संभरकों के बीच भी संविदा की तीन प्रतियां जो दोनों पार्टियों द्वारा हस्ताक्षरित है, बंध आयात लाइसेंस की एक प्रति के साथ वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, (डब्ल्यु ई-1 अनुभाग), नार्थ ब्लाक, केन्द्रीय सचिवालय, नई दिल्ली को अग्रसारित की जानी चाहिए और उसके साथ उस विदेशी मुद्रा देने में प्राधिकृत व्यापारी से प्राप्त एक पत्र (अनुबंध 1) भी भेजना चाहिए जिसके माध्यम से संभरक के नाम में साख-पत्र की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त, तीन प्रतियों में एक विवरण के साथ जिसमें निम्नलिखित सूचना शामिल हो, ग्यारहवें येन क्रेडिट के अंतर्गत संविदा को अर्थयुक्त किये जाने के लिए आवेदन करना चाहिए :—

(1) भारतीय आयातक का नाम, डाक तथा तार के पते।

(2) जापानी संभरकों का नाम तथा पता।

(3) जापान में संभरक बैंक तथा भारत में आयातक बैंक नाम और पता। आयातक बैंक के तार के पते को भी संकेतित किया जाना चाहिए।

(4) जहाज पर्यन्त नि.शुल्क मूल्य तथा भाड़ा प्रभारों को अलग से संकेतित करते हुए विनिमय की मिली जुली दर पर परिवर्तित जापानी येन तथा भारतीय रुपये में संविदा का मूल्य।

(5) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण।

(6) इस संविदा के अंतर्गत संभरकों को किए जाने वाले भुगतानों की संभावित तारीख तथा धन राशि को संकेतित करते हुए एक अनुसूची।

(7) आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख।

(8) प्रक्रम (अनुबंध 1) के बैंक के पत्र की संख्या तथा दिनांक।

(9) यदि परियोजना भारत-जापान उद्यम की है, तो उसका संकेत कीजिए । यदि ऐसा है तो सहयोग करार के निम्नलिखित विवरण चाहे वे आर्थिक हों या तकनीकी, यदि सहयोग करार अभी भी वैध है, तो उसका स्पष्ट रूप में संकेतित करते हुए उसे एक नोट में दिया जाना चाहिए :—

1. जापानी सहयोग का नाम तथा पता ।
2. सहयोग करार का दिनांक ।
3. तैयार की जाने वाली मदें ।
4. सहयोग किस प्रकार का है ।
5. सहयोग कब तक वैध हैं ।
6. अन्य कोई सूचना ।

(10) ग्यारहवें येन क्रैडिट (परियोजना अंश) के अन्तर्गत विकास परियोजना के लिए अर्थयुक्त किए जाने के लिए अनुबन्ध –2 के अनुसार अतिरिक्त सूचना (तीन प्रतियों में) संविदा को अर्थयुक्त किए जाने से पूर्व परियोजना का अनुमोदन सम्बन्धित जापानी प्राधिकारियों से प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करना हैं ।

8. ग्यारहवें येन क्रेडिट (परियोजना अंश) के अन्तर्गत अर्थयुक्त की गई परियोजना के लिए परियोजना प्राधिकारियों को वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, डब्ल्यू ई–1 अनुभाग को प्रत्येक वर्ष के जनवरी और जुलाई के प्रथम सप्ताह में पहले छः माह की अवधि के लिए एक प्रगति पत्र (तीन प्रतियों में) भेजना है ।

9. अनुबन्ध–1 में उपलिखित विशेष धारा को संविदा में शामिल किया जाना चाहिए ।

10. येन क्रैडिट के अन्तर्गत संविदा को वित्त युक्त किए जाने के लिए जैसे ही एक्सिम बैंक का अनुमोदन प्राप्त हो जाता है, तो आयातक को अनुबन्ध-3 में निर्धारित प्रपत्र के अनुसार एक बैंक गारन्टी (उसकी एक प्रति के साथ) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, (डब्ल्यू ई–1) नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजने की सलाह दी जाएगी ताकि वे जापानी बैंक में अपरिवर्तिनीय साख-पत्र खोलने की अनुमति देने में समर्थ हो सकें । संविदा के सम्बन्ध में जापान के आयात निर्यात बैंक के अनुमोदन की सूचना देते हुए आर्थिक कार्य विभाग से प्राप्त किए गए पत्र के 15 दिनों के भीतर बैंक गारंटी भेज देनी चाहिए ।

11. यदि बैंक गारन्टी सही तरीके में पाई जाती है, तो बैंक गारन्टी प्रस्तुत करने वाला भारतीय बैंक अनुबन्ध–2 में दिये गये के अनुसार साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकृत होगा । प्रस्तुत लाइसेंस के भारत से किसी भी प्रकार की विदेशी मुद्रा प्रेषण की स्वीकृति नहीं दी जाएगी । ग्यारहवें येन क्रेडिट के लिए विशिष्टिकृत जापानी बैंक द्वारा संभरकों अथवा उनके बैंकरों को भुगतान के लिए साख-पत्र में व्यवस्था की जाएगी ।

12. सम्बन्धित बैंक द्वारा साख-पत्र की एक प्रति निम्नलिखित को भेजी जानी चाहिए :—

(1) वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, (डब्ल्यू–1 अनुभाग) कमरा नं० 270 नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली, और

(2) परामर्शदाता आर्थिक, भारत का राजदूतावास, टोकियो, जापान ।

13. प्रस्तुत लाइसेंस के विपरीत जब और जैसे ही भुगतान किए जाते हैं, आयातकों को अपने बैंकरों के माध्यम से उन्हें अदा किए गए येन राशियों के संतुल्य रुपयों को और इसके साथ निम्नलिखित अन्य राशियां को जमा कराना पड़ेगा :—

(1) सार्वजनिक सूचना संख्या :—15–आई टी सी (पीएन) /72, दिनांक 28–1–72 में यथा निर्धारित या फार्मूले के अनुसार परिवर्तन की दर से या समय समय पर सार्वजनिक सूचनाओं/ ए० डी० परिपत्रों में अधिसूचित दर पर संभरकों को अथवा जापान में उनके बैंक को येन भुगतान के संतुल्य रुपये ।

(2) संभरकों अथवा जापान में बैंक को किए गए भुगतान की तिथि और सरकार के खाते में क्रेडिट के लिए संतुल्य रुपये को जमा करने की वास्तविक तिथि के बीच की अवधि के लिए 6 प्रतिशत की दर से ब्याज (जब कभी इस दर में परिवर्तन किया जाएगा उसकी सूचना दे दी जाएगी) ।

14. नियंत्रक, सहायता लेखा, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, जीवन बीमा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को सूचित करते हुए सार्वजनिक सूचना संख्या: 184–आईटीसी (पीएन)/68, दिनांक 30–8–1968 तथा 233–आईटीसी (पीएन) /68, दिनांक 24–10–1968 के अनुसार अपेक्षित उपर्युक्त शर्त 12 में विशिष्टिकृत राशि को सरकार के खाते में क्रेडिट के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया, दिल्ली या रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली में जमा कराया जायेगा या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली–6, के एजेण्ट के नाम में डिमान्ड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रेषण किया जाएगा । जमा करने के लिए खाते का शीर्ष है "टी डिपोजिट्स एण्ड एडवांसिस–पार्ट–2 डिपोजिट्स नोट बोयरिंग इण्ट्रस्ट–सिविल डिपोजिट्स–डिपोजिट्स फार परचेजेज एन्ड अण्डर डाइरेक्ट पेमेण्ट प्रासिजर अण्डर फारेन लोन्स-क्रेडिट्स" विस्तृत शीर्ष के अन्तर्गत :— "डिपोजिट्स फार कास्ट आफ इक्यूपमेन्ट एक्सेट्रा, आपटेण्ड अण्डर दि एलेवन्थ येन क्रेडिट फ्राम जापान" होगा । चालान में विभिन्न कालमों को भरते समय आयातकों/उनके बैंकरों को यह सुनिश्चय करना होगा कि सार्वजनिक सूचना–132—आई टीसी (पीएन)।71 दिनांक 5–10–71 की कंडिका 2 में निर्धारित सूचना चालान के कालम में प्रेषण तथा प्राधिकारी (यदि कोई हो) का पूर्ण विवरण निरपवाद रूप से संकेतित है । इसके बाद निक्षेप को साक्षयांकित करते हुए राजकोष चालान को एक्सिम की अनुमोदन संख्या का संदर्भ देकर नियंत्रक, सहायता लेखा, वित्त मंत्रालय, अर्थकाय विभाग, नई दिल्ली को भेजना चाहिए । भारतीय सम्बद्ध बैंक भी भारत सरकार द्वारा सकेतित छोटे-मोटे निक्षेपों के लिए इसी विधि से निक्षेप करने की व्यवस्था करेंगे । गारण्टी देने वाले बैंक को चाहिए कि वे उपर्युक्त संकेतित रुपये के निक्षेपों की व्यवस्था करने के पश्चात् ही आयातकों को परक्राम्य सेट वापिस करें । उन्हें यह भी चाहिए कि वे जमा की गई राशि को लाइसेंस की मुद्रा विनिमय प्रति पर पृष्ठांकित करें और आवश्यक "एस" प्रपत्र को रिजर्व बैंक आफ इण्डिया बम्बई को भेजें ।

15. साख पत्र के मद्दे भुगतानों के पूर्ण होने के पश्चात् और बैंक गारण्टी के विपरीत संतुल्य रुपये जमा किए जाने के पश्चात् किए गए निक्षेपों का ब्योरा बैंकरों द्वारा गारन्टी को मुक्त करने का अनुरोध करते हुए इन शर्तों के लिए अनुबन्ध-6 में प्रस्तुत किए गए रूप में नियंत्रक, सहायता-लेखा, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को एक रिपोर्ट भेजी जानी चाहिए ।

16. साख पत्र खोले जाने के पश्चात् आयातक को चाहिये कि वह किए गए पोतलदान और उसके लिए संभरकों को किए गए भुगतानों और बाकी बैलेन्स के विषय में एक रिपोर्ट को उसकी एक फालतू प्रति के साथ जो डब्ल्यू--ई--1 विभाग के प्रयोग के लिए होगी, नियंत्रक, सहायता-लेखा, आर्थिक कार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजें ।

17. संविदा के सम्बन्ध में यदि कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन होता है, तो वही प्रक्रिया मुख्य संविदा के साथ भी अपनाई जानी है और संविदा के सम्बध में किए गये संशोधनों की तीन प्रतियां दोनों पार्टियों से विधिवत् हस्ताक्षरित करा कर वित्त मंत्रालय (अर्थकार्य विभाग) (डब्ल्यू-ई--1 अनुभाग), नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए ।

अनुबन्ध—1

सचिव,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
नार्थ ब्लाक,
नई दिल्ली ।

विषय :— ग्यारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत जापान से माल का आयात सर्वश्री———————————————— के नाम में ————————————————रु० के लिए जारी किया गया लाइसेंस सं० ————————————————, दिनांक ————————————————

———————

प्रिय महोदय,

हमें एतद्द्वारा, उपर्युक्त आयात लाइसेंस में निर्दिष्ट मूल्य के बराबर आपके द्वारा संविदा अनुमोदन की सूचना की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर ही आपके नाम में एक बैंक गारंटी देने का वचन देते हैं ।

2. हम आपके द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर, प्राधिकृत राशि के पूरे मूल्य के लिए जापानी बैंक में आवश्यक साख-पत्र की स्थापना करने और आपको उसकी एक प्रति भेजने का भी वचन देते हैं ।

भवदीय

अनुबंध–2

ग्यारहवें येन क्रेडिट के अन्तर्गत विनियुक्त की जाने वाली निजी क्षेत्र संविदाओं में समाविष्ट की जाने वाली विशेष धाराएं

(क) भारत के लिए ग्यारहवें येन क्रेडिट से सम्बन्धित दिनांक 20 अप्रैल, 1971 के ऋण करार के अनुसार प्रस्तुत निर्यात-आयात संविदा की व्यवस्था की जाती है ।

(ख) प्रस्तुत निर्यात-आयात संविदा भारत सरकार और जापान सरकार के अनुमोदन पर ही प्रभावी होगी ।

(ग) इस संविदा के अन्तर्गत निर्यातक के लिए येन में भुगतान, भारत में आयातक के बैंक के माध्यम से इस कार्य के लिए नामित किए गए जापानी बैंक से सम्बन्धित प्रारूप में खोले गए पक्के अपरिवर्तनीय साख-पत्र के अन्तर्गत किए जाएंगे ।

(घ) निर्यातक एतद्द्वारा ऐसी जानकारियों और दस्तावेजों को भेजने के लिए राजी होता है जो येन क्रेडिट व्यवस्था के अन्तर्गत भारत सरकार तथा भाग लेने वाले बैंकों द्वारा मांगी जाए ।

(ङ) निर्यातक एतद्द्वारा इसके लिए राजी होता है कि वह लदान सम्बन्धी व्यवस्थाओं के पूर्ण होने के तुरन्त बाद, बीजक की एक प्रति और लदान पत्र की एक प्रति के साथ एक रिपोर्ट भारत का राजदूतावास, टोकियो को भेजेगा ।

अनुबन्ध—3

गारंटी बांड

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति (जिसे इसके बाद "सरकार" कहा गया) के बदले में ग्यारहवें येन क्रेडिट की शर्तों के अन्तर्गत.....

(जिसे इसके बाद "आयातक" कहा गया) के द्वारा.....

का आयात करने के लिए येन मुद्रा में भुगतान करने का व्यवस्था करने के लिए सहमत होने हुए, हम.....बैंक लि०, आयातक की प्रार्थना पर, भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट रीति से और उचित लेखा शीर्ष में सरकारी लेखे में जमा करने के लिए भुगतानों की सूचना की पावती की तिथि से दस दिनों के भीतर जापानी बैंक द्वारा व्यय की गई धनराशि को सार्वजनिक सूचना सं० 15–आई टी सी (पी एन) 172 दिनांक 28–1–72 में निहित अनुसार अथवा सार्वजनिक सूचनाएं ए० डी० परिपत्र में समय समय पर अधिसूचित के अनुसार परिवर्तित मिश्रित दर के हिसाब से और "इस धनराशि में जापानी संभरक को भुगतान होने की तिथि से सरकारी खाते में समतुल्य रुपया जमा होने की तिथि तक की अवधि पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज जोड़ कर धन राशि जमा करने की व्यवस्था करने का एतद्द्वारा वचन देते हैं। जापानी बैंक से प्राप्त आयात प्रलेखों का परक्राम्य सेट आयातक को तभी लौटाया जाएगा जबकि उपर्युक्त अपेक्षित रुपया जमा कर दिया गया हो।

2. हम दि.....बैंक लि०, समय समय पर, ऐसे स्थान और ऐसी रीति से जो सरकार निर्दिष्ट करे, आयातक द्वारा सरकार को देय अथवा चुकाने योग्य किसी धनराशि को जो.....रुपये से अधिक न हो, या निश्चित समय के भीतर आयातक द्वारा देय या चुकाने योग्य धनराशि के किसी भाग को, और जापानी सभरक को भुगतान करने की तिथि से पिछलीकडिका में उल्लिखित ब्याज की दर से ब्याज को न चुकाने में आयातक की त्रुटि होने पर स्वयं क्षतिपूर्तिक करने का और सरकार को क्षतिपूर्ति के दायित्व से मुक्त रखने का भी बचन देते हैं। उक्त भुगतान में आयातक द्वारा या उसकी तरफ से किसी प्रकार की त्रुटि और हमारे.....बैंक लि० द्वारा देय धनराशि के सम्बन्ध में सरकार का निर्णय अंतिम होगा और हमारे.....बैंक लि० पर लागू होगा।

3. हम..... बैंक लि०, आगे इस बात पर सहमत है कि संविदा के अन्तर्गत आयातों के मूल्य में या जो माल छुड़ाना बाकी है उसके मूल्य में मुद्रा विनिमय की अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि समानता दर में वृद्धि होने की स्थिति में, जब से परिवर्तन हुआ है समय समय पर अधिसूचित किए जाने के अनुसार उस परिवर्तन के अनुपात में इस बैंक गारंटी बांड की धनराशि को समायोजित कर लिया जायेगा।

4. हम————————————बैंक लि० आगे सहमत हैं कि इसके अंदर निहित यह गारंटी उक्त करार/संविदा के निष्पादन होने तक पूरी शक्ति और प्रभाव के साथ] लागू होगी और यह तब तक लागू रहेगी जब तक इसके अंतर्गत सरकार को देय सब बकाया पूर्ण रूपेण नहीं चुकाए जाते और इस गारंटी की हैसियत से दावों को पूर्ण नहीं कर दिया गया हो या वे अदा नहीं कर दिए गए हों ।

5. इस गारटी पर आयातक या दि————————————बैंक लि० के विधान में किसी प्रकार का परिवर्तन होने से प्रभाव नहीं पड़ेगा और सरकार को यह पूर्ण स्वतन्त्रता होगी कि गारंटी को प्रभावित किए बिना आयातक पर लागू होने योग्य किसी भी अधिकार को किसी समय या समय समय के लिए स्थगित करे और पूर्वोक्त मामलों के संदर्भ में या आयातक को दिए जा रहे समय के कारण या सरकार की ओर से किसी अन्य स्थगन, निर्णय या छूट या सरकार द्वारा आयातक पर किसी अनुग्रह या कानून के अन्तर्गत प्रतिभूतियों से सम्बन्धित कोई भी मामला या वस्तु जो इस परन्तुक के लिए कि————————————बैंक लि० को इसके दायित्वों से मुक्त करने के लिए प्रभाव डाले, सरकार द्वारा इन मामलों में किसी प्रकार की स्वतन्त्रता का प्रयोग करने से इस गारंटी के अन्तर्गत कि————————————बैंक लि० अपने दायित्वों से मुक्त नहीं होगा ।

6. हम ————————————बैंक लि० अन्त में यह वचन लेते हैं कि सरकार की लिखित पूर्व अनुमति के बिना इस गारंटी को इसकी चालू अवधि के दौरान रद्द नहीं करेंगे ।

7. इस बौंड/गारंटी के अन्तर्गत हमारा दायित्व————————————रुपये (—*ब्याज और कमीशन प्रभार जिसकी आशा गारंटी की धनराशि के 1 प्रतिशत से अधिक होने की नहीं है) तक प्रतिबंधित है और यह गारंटी दिनांक ————————————तक और जब तक इस तिथि से 6 महीनें के भीतर इस गारंटी के अन्तर्गत दावे पूर्ण नहीं कर दिए जाते और जब तक अगले 6 महीनों के भीतर इन दावों को लागू करने के लिए आवेदन या कारवाई नहीं की जाती, तब तक लागू रहेगी। इसके बाद अर्थात् दिनांक————————————तक इस बांड/गारंटी के अन्तर्गत सरकार के सब अधिकार समाप्त हो जाएंगे और उसके अन्तर्गत हमारे सब उत्तरदायित्व से हमें छुटकारा और कार्य मुक्ति मिल जाएगी ।

दिनांक ————————19

कृते————————बैंक लि०

हस्ताक्षर

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से

श्री————————————————

(नाम तथा पदनाम)

हस्ताक्षर ————————————

†जिस तिथि तक साख पत्र को वैध रखने की आवश्कता होती है उस तिथि में एक महीना जोड़ कर यह तिथि गिनी जाएगी ।

टिप्पणी :—जिस स्टाम्प पेपर पर यह गारंटी कार्यान्वित की जानी है उसके मूल्य का निर्णय भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 31 के अन्तर्गत स्टाम्प समाहर्ता द्वारा किया जाना है ।

अनुबन्ध–4

(भारत में जारी करने वाले बैंक का नाम)

सेवा में :—

(नामित जापानी बैंक)

(दिनांक)

यह साख-पत्र भारत के लिए ग्यारहवें येन क्रेडिट (गैर-परियोजना सहायता) से सम्बन्धित ऋण करार दिनांक————————के अनुच्छेद–5 के अनुरूप में और जापान के निर्यात-आयात बैंक द्वारा जारी किए गए अनुमोदन-पत्र सं० ————————के अनुसार जारी किया गया है ।

प्रिय महोदय,

हम आप से————————————परामर्श देने के लिए अनुरोध करते हैं कि हमने अपरिवर्तनीय साख स० ————————————आपके नाम में————————————————खाते के लिए उस राशि अथवा उन राशियों के लिए साख-पत्र खोल दिए हैं जो लाभ भोगी के ड्राफ्ट (टों) द्वारा ————————————जगह के लिए उपर्युक्त कुल ————————————मूल्य का आपके (नामित जापानी बैंक) द्वारा लिए गए बीजक मूल्य जो ———————— से ———————— तक के लदान के लिए है और जिसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज भेजे जाने हैं :—

————————————

————————————

————————————

सभी दस्तावेजों में आयात लाइसेंस सं० और जापान के निर्यात-आयात बैंक की अनुमोदन नोटिस सं० ————————————और आंशिक लदान स्वीकृति है / नहीं स्वीकृत है उसे संकेतित किया जाना चाहिए । वाहनान्तरण स्वीकृत है / नहीं स्वीकृत है । जहाज लदान ————————————से पहले अवश्य हो जाने चाहिए । ड्राफ्ट आदेशिती को ————————————से पहले अवश्य प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

इसके अन्दर निकाले जाने वाले सभी ड्राफ्ट इस प्रकार चिह्नित होने चाहिए ———— ———————— के अन्तर्गत निकाले जाने के लिए अपरिवर्तनीय क्रेडिट ———————— दिनांक ———————— ।

हम एतद् द्वारा वचन देते हैं कि क्रेडिट की शर्तों के अनुसार और इसके अंतर्गत निकाले गये सभी ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर स्वीकार किए जाएंगे और आदेशिती को दस्तावेज सौंप दिए जाएंगे ।

आपके बैंक द्वारा सभी परक्राम्य दस्तावेज हमें सीधे हवाई डाक द्वारा भेजे जाने चाहिए ।

विशेष निर्देश :

1. प्रस्तुत साख पत्र तब तक उपलब्ध नहीं हो सकता जब तक ग्यारहवें येन क्रेडिट (गैर-परियोजना सहायता) से सम्बन्धित ऋण करार दिनांक————————के अनुच्छेद –5 में दी गई व्यवस्था के अनुसार लाभ भोगी के लिए इस क्रेडिट के लिए दी गई आपकी सूचना के आधार पर उसके सम्बन्ध में वचनबद्ध पत्र जारी करना आपके द्वारा निश्चित और प्रमाणित नहीं कर लिया जाता ।

2. इस साख-पत्र के अन्तर्गत ड्राफ्ट (टों) के भुगतान के साथ साथ, उक्त ऋण करार के अनुच्छेद–5 के अनुसार आपके द्वारा प्रतिपूर्ति प्राप्त की जाएगी ।

3. इस साख-पत्र के सम्बन्ध में बैंक के सभी प्रभार हमारे द्वारा ,अदा किए जाएंगे ।

5. इस साख पत्र के अन्तर्गत भुगतान करने की आवधिक तिथि————————होगी ।

भवदीय,

टिप्पणी :— भारत में जारी करने वाले बैंक को चाहिए कि वह साख-पत्र खोलने के सम्बन्ध में, खोले गए साख-पत्र की एक प्रति के साथ, आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यु–2 अनुभाग) को अधिसूचित करे ।

अनुबन्ध–5

ग्यारहवें योजना अवधि (परियोजना भाग) के अंतर्गत अर्थयुक्त की जाने वाली परियोजनाओं के सम्बन्ध में भेजी जाने वाली जानकारी।

1. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित राशि

 1. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित कुल परियोजना राशि।

 2. अर्थयुक्त करने के लिए आवेदित संविदा राशि।

2. उद्योग का ब्यौरा

 1. नाम

 2. स्थान

 3. संक्षिप्त विवरण

 4. मुख्य स्वामी अथवा शेयरधारी और प्रबन्धक

 5. 3 वर्ष के लिए वित्तीय विवरण (पक्का चिट्ठा, लाभ हानि का विवरण)

 6. कर्मचारियों की संख्या।

3. परियोजना का ब्यौरा

 1. स्थान (साइट, क्षेत्र आदि)

 2. आयोजित क्षमता

 3. परिवहन सुविधाएं

 4. बिजली और पानी की पूर्ति

 5. कच्चे माल की पूर्ति

 6. मजदूरी का सम्भाव्य साधन

 7. स्थापन योजना

 8. बिक्री क्षमता

 9. आरंभिक अवधि और पूर्व रूप से उत्पादन होने के बाद की अवधि के दौरान प्रत्याक्षित बिक्री कीमत और कुल मासिक बिक्री।

10. वित्तदान और पूंजी आवश्यकताएं

11. उपऋण करार के नियम और शर्तें ।

अनुबन्ध—6

बैंक गारंटी की रिहाई के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

सेवा में ,

सहायता लेखा नियंत्रक
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग
जीवन दीप बिल्डिंग,
पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

हम बैंक गारंटी सं० ———— दिनांक ———— जो ———— तक बैध है के अन्तर्गत ————————रू० के लिए आने दायित्वों को पूरा करने में हमारे द्वारा निक्षेप किए गए रुपयों की विस्तृत सूचना नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं और अनुरोध करते हैं कि बैंक गारंटी मुक्त की जाए और हमें वापस की जाए :—

(क) जिस आयातक/लाइसेंसधारी की ओर से बैंक गारंटी प्रस्तुत की गई थी उसका नाम और पूरा पता ।

(ख) जापान के एग्जिम बैंक के अनुमोदन की सूचना की सं० और दिनांक

(ग) प्रत्येक भुगतान/पोतलदान के लिए किए गए आयातों और रुपये निक्षेपों के ब्यौरे :—

(1) जापानी संभरकों को किए गए भुगतान अर उनकी तिथियां ।

(2) निक्षेप की राशि, उसकी सं० और दिनांक और राजकोष/बैंक जिसके माध्यम से निक्षेप किए गए हैं उनका संकेत करते हुए किए गए निक्षेप

(3) यदि निक्षेप डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया गया है तो डिमांड ड्राफ्ट की सं० और दिनांक और उस दल की सं० और दिनांक जिसके अन्तर्गत डिमांडड ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी दिल्ली को भेजा गया था ।

टिप्पणी :—एक से अधिक निष्पादन किए जाने पर उपर्युक्त (1) से (3) पर की जानकारी सरणीबद्ध रूप में दी जानी चाहिए ।

(घ) प्रयुक्त तथा शेष अप्रयुक्त राशि (येन में)

2. (क) हम प्रमाणित करते हैं कि ऊपर उल्लिखित अनुमोदन में शेष राशि———— का उपयोग नहीं किया गया है । उपयोग नहीं किया जाएगा ।

(ख) विषयाधीन बैंक गारंटी के अन्तर्गत हमारे दायित्व विधिवत् पूरे कर दिये गए हैं।

3. हम निवेदन करते हैं कि बैंक गारंटी को रद्द करने के लिए हमें लौटाया जाए।

भवदीय,

(प्राधिकृत अभिकर्ता)

कृते बैंक और बैंक की ओर से)

एम० एम० सेन,

मुख्य नियन्त्रक, आयात निर्यात।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1972